पंजाब केसरी 28/11/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में लिंग आधारित हिंसा और बाल विवाह रोकने की शपथ ग्रहण करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त एवं अन्य। (देवदत्त)

बाल विवाह को रोकने और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आगे आएं : डा. रोहित दत्त

लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ एवं बाल विवाह से निपटने और महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए शपथ ग्रहण समारोह

अम्बाला, 27 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज परिसर में बुधवार को मनोविज्ञान विभाग, प्राणी शास्त्र विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग एवं आई.क्यू.ए.सी. यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई से निपटने और महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बाल विवाह उन्मूलन में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बाल विवाह एक गंभीर मुद्दा है, जो न केवल किसी व्यक्ति विशेष, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। यह नितांत आवश्यक है कि हम बाल विवाह को रोकने और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आगे आएं।

आई.क्यू.ए.सी. की समन्वयक और प्राणी शास्त्र विभाग की प्रमुख डा. शिखा जग्गी द्वारा शपथ दिलाई गई, जिसमें प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व में मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डा. अनुपमा सिहाग एवं वनस्पति विज्ञान विभाग से डा. मीनू राठी सहित विभिन्न विभागों के संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सामूहिक भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम सामूहिक जिम्मेदारी की भावना और बाल विवाह से मुक्त समाज बनाने की दिशा में काम करने की नई प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुआ।